BSES

फिनलैंड की मदद से बीवाईपीएल उपभोक्ताओं को मिलेगी विश्वस्तरीय सेवाएं

फिनलैंड व बीवाईपीएल स्मार्ट ग्रिड पर भी काम करेंगे

नई दिल्लीः 25 जून, 2018। अब बीवाईपीएल, यूरोपीय देश फिनलैंड की मदद से अपने उपभोक्ताओं को विश्वस्तरीय सेवाएं सुनिश्चित करेगी। इसके लिए बीवाईपीएल ने फिनलैंड सरकार के पूर्ण स्वामित्व वाली संस्था *बिजनेस फिनलैंड* के साथ एक समझौता किया है, जिसके तहत बिजली से संबंधित, भविष्य की तकनीकों पर रिसर्च किए जाएंगे। रिसर्च से जो तकनीकें निकलकर आएंगी, उन्हें बिजली आपूर्ति के सिस्टम व नेटवर्क से जोड़ा जाएगा, ताकि उपभोक्ताओं को पहले के मुकाबले बेहतर सेवाएं उपलब्ध कराई जा सके। फिनलैंड व बीवाईपीएल मिलकर स्मार्ट ग्रिड व एनर्जी स्टोरेज सिस्टम पर भी काम करेंगे।

बिजनेस फिनलैंड और बीवाईपीएल ने तीन वर्षों के लिए एक एमओयू यानी मेमोरेंडम ऑफ अंडरस्टैंडिंग साइन किया है। इस पर बीवाईपीएल की ओर से सीईओ श्री पी. आर. कुमार और *बिजनेस फिनलैंड* इंडिया की ओर से उसके हेड व कमर्शल काउंसलर श्री जक्का होलप्पा ने नई दिल्ली स्थित फिनलैंड दूतावास में हस्ताक्षर किए।

एमओयू के तहत भविष्य की तकनीकों पर साझा रिसर्च व अध्ययन करने के अलावा पायलट प्रोजेक्ट्स भी किए जाएंगे। नॉलेज शेयरिंग भी इस एमओयू का एक महत्वपूर्ण बिंदु है। यानी, बिनजेस फिनलैंड और बीवाईपीएल के पास अपने–अपने क्षेत्रों में जो दक्षता है, उसे वे एक–दूसरे के साथ साझा करेंगे। सीधे अर्थों में कहा जाए तो, नवीनतम अंतरराष्ट्रीय तकनीकों से बीएसईएस उपभोक्ताओं को काफी फायदा होगा। यही नहीं, रिसर्च व अध्ययनों के नतीजों से पूरे बिजली सेक्टर को लाभ होगा। समझौते के तहत, स्मार्ट ग्रिड, एनर्जी स्टोरेज सिस्टम, एनर्जी एफिशिएंसी, अक्षय ऊर्जा, इलेक्ट्रिक वाहन आदि के क्षेत्र में भी काम किया जाएगा।

बीवाईपीएल सीईओ श्री पी. आर. कुमार के मुताबिक, अत्याधुनिक तकनीकों तथा वैश्विक समझौतों से अपनी क्षमता व दक्षता बढ़ाकर बीवाईपीएल, अपने उपभोक्ताओं को निर्बाध व विश्वसनीय बिजली आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध है। हमारे इन्हीं प्रयासों की एक कड़ी है *बिजनेस फिनलैंड* के साथ हमारी साझेदारी। हम इस साझेदारी को लेकर काफी उत्साहित हैं। इससे दोनों ही संस्थानों को फायदा होगा और विश्वस्तरीय सेवाएं प्रदान करने में उन्हें मदद मिलेगी।

इस साझेदारी के बारे में *बिनजेस फिनलैंड* इंडिया के हेड और कमर्शल काउंसलर डॉ जक्का होलप्पा ने कहा–– भारत को अपने महत्वाकांक्षी ऊर्जा लक्ष्यों को प्राप्त करने की दिशा में कार्य करते देखकर काफी अच्छा लग रहा है। फिनलैंड और खासकर फिनलैंड की ऊर्जा कंपनियां यहां, इस क्रांति का हिस्सा बनना चाहती हैं। बीवाईपीएल जो कि सर्वाधिक इनोवेटिव और भविष्योन्मुख कंपनी है, के साथ साझेदारी से फिनलैंड की कंपनियों के लिए भारत के ऊर्जा सेक्टर में असीम संभावनाएं बनेंगी।

दिल्ली की प्रमुख बिजली वितरण कंपनियां बीआरपीएल और बीवाईपीएल रिलायंस इंफ्रास्ट्रक्चर लिमिटेड और राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली सरकार के बीच संयुक्त उद्यम हैं।

....